# लामडिंग दर्पण



## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 8 | अंक 31 | जुलाई – सितम्बर 2017

### 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम

15 सितम्बर 2017 से देश भर में प्रारंभ 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंश के रूप में 23 सितम्बर 2017 (शनिवार) को सुबह गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में 'श्रमदान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय रेल राज्य मंत्री श्री राजेन गोहांई के साथ पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टेशन परिसर की सफाई की। श्रमदान में शामिल होने के बाद मंत्री महोदय ने कहा कि भारतीय रेल ने स्वच्छता को एक मिशन के रूप में ली है और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।




देश के शेष हिस्सों के साथ-साथ, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने भी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में बड़े पैमाने पर भाग लिया है। 15 सितम्बर 2017 से पू. सी. रेल के सभी पांच मंडलों में विशाल सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इसके अधीन महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कामाख्या रेलवे स्टेशन में 'श्रमदान' की।

'श्रमदान' कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्री राजेन गोहांई, माननीय रेल राज्य मंत्री, भारत सरकार तथा पू. सी. रेल के महाप्रबंधक तथा अन्य अधिकारीगण।

### महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा निरीक्षण

09 सितम्बर 2017 को महाप्रबंधक/ पूर्वोत्तर सीमा रेल ने गुवाहाटी-लामडिंग सेक्शन में हवाईपुर के निकट किलोमीटर 170/4-6 पर ट्रेक बहाली के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लामडिंग -न्यू हाफलांग सेक्शन में चल रहे ओएफसी कार्य और सिगनल विफलताओं का निरीक्षण और समीक्षा किया। महाप्रबंधक महोदय ने 10 सितम्बर 2017 को न्यू हाफलांग-बदरपुर सेक्शन का भी निरीक्षण किया।







लामडिंग-बदरपुर सेक्शन में निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री चाहते राम तथा अन्य अधिकारीगण।

'भारत छोड़ो आंदोलन' : स्वतंत्रता संग्राम के अन्यतम आंदोलन ''भारत छोड़ो आंदोलन'' के सिलसिले में 21 अगस्त 2017 को मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय परिसर में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मंडल की विविध गतिविधियाँ

### स्वच्छता पाखवाड़ा 2017

16 अगस्त 2017 से 31 अगस्त 2017 तक मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन और पालन किया गया। रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देश के अनुसार 16 अगस्त 2017 को सुबह मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग की उपस्थिति में प्रभात फेरी के द्वारा कार्यक्रम शुरु किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, यूनियनों के पदाधिकारियों तथा स्काउट और गाईड की टीम ने भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्थानों में अन्य कार्यक्रम जैसे शपथ ग्रहण, जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया।



प्रभात फेरी में शामिल मंडल रेल प्रबंधक, श्री प्रमोद कुमार जैन तथा मंडल के अन्य रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

### मंडल में नई नियुक्तियाँ

अवधि के दौरान लामडिंग मंडल में समूह 'ग' में कुल 11 तथा समूह 'घ' में कुल 38 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान लामडिंग मंडल में स्काउट एवं गाईड कोटा के तहत समूह 'ग' में 01 तथा समूह 'घ' में 02 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई।

### अंतिम निपटान बैठक

जुलाई–सितम्बर 2017 तिमाही में अधिवर्षिता पर कुल 79 कर्मचारी रेल सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रत्येक माह में आयोजित अंतिम निपटान बैठक के दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पारंपरिक असमिया 'गामोचा' और पदक से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ, आरईएलएचएस मेडिकल आई–कार्ड और पास आई–कार्ड भी प्रदान किए गए।




सेवानिवृत्ति बैठक का एक दृश्य।

### पीएनएम बैठक

मंडल स्तर पर 27 जुलाई 2017 को पूर्वोत्तर सीमा रेल इम्पलाईज यूनियन के साथ 93 वें समीक्षा पीएनएम और 94 वें नए एजेंडा पीएनएम बैठकें आयोजित की गई। 4 समीक्षा मदों में से 1 को अंतिम रूप दिया गया और 30 नए मदों में से 18 पर चर्चा हुई तथा इन्हें बंद कर दिया गया ।

### विशेष पेंशन अदालत

14.07.2017 को मंडल रेल प्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में विशेष पेंशन अदालत की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 46 मामलों में से 43 को अंतिम रूप दिया गया।

### सद्भावना दिवस का पालन

18 अगस्त 2017 को मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय परिसर में शपथ लेकर सद्भावना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सभी अधिकारियों, यूनियनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

**21 सितम्बर 2017 को मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग के सम्मेलन कक्ष में वन अधिकारियों और रेलवे प्रशासन के बीच हाथी विलोपन के संबंध में एक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

### स्पॉट अवार्ड (नकद पुरस्कार)

लामडिंग मंडल में कर्मचारियों के लिए स्पॉट अवार्ड (नकद पुरस्कार) योजना की शुरूआत की गई है। नीति के अनुसार अवधि के दौरान कुल 05 (पांच) कर्मचारियों को उनके सराहनीय काम के लिए सम्मानित किया गया है।





स्पॉट अवार्ड (नकद पुरस्कार) योजना के तहत कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री प्रमोद कुमार जैन।

**समन्वय बैठक :** समझौता ज्ञापन के अनुसार आमान परिवर्तन, नई लाइन और दोहरीकरण परियोजनाओं के लंबित कार्यो की स्थिति की समीक्षा के लिए 21 सितम्बर 2017 को ओपन लाइन और निर्माण संगठन के बीच एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

## राजभाषा की विविध गतिविधियों की झलकियाँ

**मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकः** 4 अगस्त 2017 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यसूची की विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने विभागों/कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के संबंध में महत्वपूर्ण निदेश दिए।



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक के आयोजन का एक दृश्य।

## राजभाषा पखवाड़ा 2017 के दौरान आयोजित कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ

15 सितम्बर 2017 को लामडिंग मंडल मुख्यालय के रेलवे इंस्टीट्यूट में आयोजित रंगा-रंग सांस्कृतिक समारोह को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री प्रमोद कुमार जैन।





01 सितम्बर 2017 को लामडिंग मंडल मुख्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों के लिए आयोजित काव्य गोष्ठी का एक दृश्य।







राजभाषा पखवाड़ा, 2017 के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंगल-गान प्रस्तुतीकरण का एक दृश्य।

राजभाषा पखवाड़ा, 2017 के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए जाने का एक दृश्य।





हिंदी दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का पाठ किए जाने का एक दृश्य।



राजभाषा पखवाड़ा के दौरान अभिनीत एकांकी नाटक ''मौलिक अधिकार'' के मंचन का एक दृश्य।





राजभाषा पखवाड़ा, 2017 के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री प्रमोद कुमार जैन।



लामडिंग दर्पण

वर्ष 8 | अंक 31 | जुलाई – सितम्बर 2017

## 71 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के कार्यालय परिसर में 71वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग सहित मंडल के अन्य रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों, यूनियनों के पदाधिकारियों और उनके परिजन, स्कूली बच्चे, एनसीसी तथा स्काउट्स एवं गाइड्स की टीम भी उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय सलामी के बीच केन्द्रीय विद्यालय/लामडिंग, रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/लामडिंग, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स टीम के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री प्रमोद कुमार जैन द्वारा प्रतिभागियों को स्पॉट कैश अवार्ड (समूहिक और व्यक्तिगत) प्रदान किए गए।

71वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन का एक दृश्य।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन तथा नन्हें बच्चों का एक दृश्य।



स्वतंत्रता दिवस समारोह में नन्हें कलाकारों द्वारा देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए जाने का एक दृश्य।



## लामडिंग मंडल में नवागत अधिकारी

**श्री सुरथ जानि :** आपने 20 सितम्बर 2017 को अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री सी. एम. तिवारी :** आपने 14 सितम्बर 2017 को वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजी./डी./न्यूगुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री शुभांकर राय :** आपने 06 सितम्बर 2017 को सहायक मंडल इंजीनियर, डिमापुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री टी. बोरो :** आपने 04 सितम्बर 2017 को मंडल प्रचालन प्रबंधक/।।/ लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**डॉ. एस. कामसन :** आपने 21 अगस्त 2017 को वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, इम्फाल के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री ए. के. बैश्य :** आपने 19 जुलाई 2017 को सहायक मंडल इंजीनियर/ट्रैक/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री ब्रजेश नारायण सिंह :** आपने 14 जुलाई 2017 को सहायक प्रचालन प्रबंधक, लामडिंग के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री पी. के. दे :** आपने 13 जुलाई 2017 को सहायक सामग्री प्रबंधक/फार्म/डिपो/गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री एम. श्रवण :** आपने 07 जुलाई 2017 को मंडल इंजीनियर/विशेष/मालीगॉव के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**डॉ एस. के. सिन्हा :** आपने 03 जुलाई 2017 को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बदरपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

**श्री ए. झा :** आपने 03 जुलाई 2017 को स्टेशन निदेशक, गुवाहाटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

लामडिंग मंडल में आप सभी अधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।

उत्पादन बढ़ाओ, खर्च घटाओ और अपव्यय बिल्कुल न करो। – लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल

| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादन एवं सहयोग | |
|---|---|---|---|
| प्रमोद कुमार जैन<br>मंडल रेल प्रबंधक | सुरथ जानि<br>अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी | संजय कनौजिया<br>वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय | आर. के. कोईरी<br>राजभाषा अधिकारी |